# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/माध्यमिक/शालादर्पण/60302/2018–19 दिनांकः–01.01.2021

समस्त संस्था प्रधान/पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ),
राजकीय विद्यालय।

विषयः– शाला दर्पण पोर्टल पर स्माईल–2 मॉड्यूल से संबंधित डाटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजकीय विद्यालयों में वर्तमान में कोविड–19 के कारण विद्यार्थियों के नियमित उपस्थित न होने के मद्देनजर शिक्षण कार्य सोशल मीडिया तथा अन्य गैर परम्परागत तरीकों से करवाया जा रहा है। कोरोना संकट के समय विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण सामग्री, गृहकार्य प्राप्ति आदि के प्रभावी प्रबोधन हेतु शालादर्पण पोर्टल पर विद्यालय लॉगिन तथा स्टॉफ लॉगिन में स्माईल–2 मॉड्यूल उपलब्ध कराया गया है। विद्यालय तथा स्टाफ लॉगिन में अग्रांकित विवरण के अनुसार सूचना अपडेट किया जाना सुनिश्चित करें–

**विद्यालय लॉगिनः–** सर्वप्रथम विद्यालय लॉगिन से स्टाफ टैब में "टीचर क्लास मेपिंग" के द्वारा कक्षाध्यापक की मैपिंग की जानी है। इस मैपिंग के उपरान्त कक्षाध्यापक के स्टाफ विंडो लॉगिन पर संबंधित कक्षा व विद्यार्थियों का डाटा उपलब्ध होगा।

**स्टॉफ लॉगिनः–** स्टाफ लॉगिन पर स्माईल–2 मीनू में संबंधित कक्षा का चयन करने पर संबंधित कक्षा के समस्त विद्यार्थियों का डाटा प्रदर्शित होगा। इसमें "शिक्षण सामग्री से अधिगम का माध्यम" तथा "विद्यार्थी के गृहकार्य प्राप्ति के माध्यम" का चयन ड्राप डाउन मीनू से किया जाना है। इसके पश्चात् सबमिट बटन द्वारा डाटा सेव किया जायेगा। यह प्रविष्टि प्रत्येक कक्षा के लिए एक बार की जानी है।

स्टाफ लॉगिन पर ही "स्टूडेंट विकली प्रोग्रेस डीटेल" का चयन कर साप्ताहिक मॉनिटरिंग डाटा की प्रविष्टी की जानी है। इसमें विद्यार्थी के "होमवर्क/ अभ्यास पुस्तिका की जांच का माध्यम" तथा "विद्यार्थी के अभ्यास रिकार्ड का संग्रहण के प्रकार" का चयन ड्राप डाउन मीनू के माध्यम से किया जाना है। चयनित सप्ताह में विद्यार्थी से अंतिम बार संपर्क की दिनांक की प्रविष्टि कर साप्ताहिक डाटा सेव किया जाने के उपरान्त डाटा विद्यालय लॉगिन में प्रदर्शित होने लगेगा।

उपरोक्त को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

संलग्न–स्माइल–2 यूजर मैनुअल।

www.rajteachers.com

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर


प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1– निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2– राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3– निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
4– समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, राजस्थान।
2– समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक।
3– समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारंभिक।
6– समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
6– सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7– स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
8– रक्षित पत्रावली।


निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

# User Manual Smile-2


1. सर्वप्रथम विद्यालय लॉगिन के द्वारा स्टॉफ मॉड्यूल से 'टीचर क्लास मैपिंग' के द्वारा कक्षा अध्यापक की मैपिंग की जानी है इसके उपरांत ही संबंधित कक्षा, कक्षा-अध्यापक के स्टाफ विंडो लॉगिन पर दिखाई देगी।





2. स्टॉफ लॉगइन में स्माइल-2 मीनू का चयन करने पर निम्नलिखित विंडो प्राप्त होगी। इसमें प्रथम विकल्प का चयन करने पर संबंधित कक्षा की डिटेल्स प्राप्त होगी। यदि आपके स्टॉफ लॉगइन पर प्रदर्शित होने वाली कक्षा आप से संबंधित नहीं है तो विद्यालय लॉगिन से स्टाफ मॉड्यूल में 'टीचर क्लास मैपिंग' के द्वारा कक्षा अध्यापक के नाम में अपेक्षित सुधार करवाएं।




3. स्टॉफ लॉगइन में स्माइल-2 मीनू के द्वितीय विकल्प का चयन करने व संबंधित कक्षा की डिटेल्स भरने पर निम्नलिखित विंडो प्राप्त होंगी।





4. विद्यार्थी का 'शिक्षण सामग्री से अधिगम का माध्यम' तथा 'विद्यार्थी का गृहकार्य प्राप्ति का माध्यम' का चयन ड्रॉप डाउन मेनू से करने के उपरांत सबमिट बटन के द्वारा डाटा सेव किया जाएगा। इसके पश्चात निम्नलिखित प्रकार से स्टूडेंट इनफॉरमेशन प्रदर्शित होगी। यह प्रविष्टि एक बार की जानी है।




5. स्टॉफ लॉगइन के तृतीय विकल्प 'स्टूडेंट वीकली प्रोग्रेस डिटेल' का चयन करने पर निम्न प्रकार से विंडो प्राप्त होगी। 'विद्यार्थी के होमवर्क/अभ्यास पुस्तिका की जांच का माध्यम' तथा 'विद्यार्थी के अभ्यास रिकॉर्ड का संग्रहण' का प्रकार हेतु ड्रॉप डाउन मेनू का चयन करने के उपरांत दिनांक की प्रविष्टि की जाएगी। इसके पश्चात सबमिट करने पर विद्यार्थी से संबंधित डाटा विद्यालय लॉगिन पर प्रदर्शित होने लगेगा।



6. विद्यालय लॉगिन में स्माइल-2 मॉड्यूल के 'स्माइल टीचर स्टूडेंट मैपिंग' सब-मॉड्यूल का चयन करने पर निम्न प्रकार से स्टूडेंट इनफॉरमेशन प्राप्त होगी। यह डाटा कक्षा अध्यापक के द्वारा अपने स्टाफ लॉगइन से प्रविष्टि करने के उपरांत दिखाई देगी।






-x-x-x-x-x-x